# खाटूवाला मेरे साथ है | Bhanwar Ali

खाटूवाला सांवरिया मेरे साथ है
क्यूँ डरु मुझको डरने की क्या बात है
सुख की भूख दु:ख की ना चिंता मुझे
मुश्किलें मेरी करता वो आसान है
खाटूवाला सांवरिया मेरे साथ है ........

मुझको गिरने से पहले उठाता है वो
मुझको रोने से पहले हंसाता है वो
उलझने मेरी सुलझाता है वो सदा
मुझपे करता करम बाबा दिन रात है
खाटूवाला सांवरिया मेरे साथ है .......

जबसे खाटू नगरिया में आने लगा
श्याम चरणों में सिर को झुकाने लगा
कुछ कहने की इनको ज़रूरत नहीं
करता खुशियों की वो मुझपे बरसात है
खाटूवाला सांवरिया मेरे साथ है ........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%b9%e0%a5%88-bhanwar-ali/